## सकारात्मक (पॉज़िटिव) परीक्षण का क्या अर्थ है?

कभी-कभी यह टेस्ट सकारात्मक (पॉज़िटिव) हो सकता है। यदि आपका टेस्ट सकारात्मक (पॉज़िटिव) है तो इसका मतलब है कि आपको एच पी वी संक्रमण है।

इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सर्वाइकल कैंसर है।

पर आपको भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का खतरा हो सकता है।

आपका डॉक्टर या नर्स आपसे बात करेंगे कि आगे क्या करना है।



### मैं सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कहां करा सकती हूँ?

- जनरल प्रैक्टिशनर (GP)
- परिवार नियोजन एन एस डब्ल्यू क्लीनिक
- महिला स्वास्थ्य केंद्र
- विशेषज्ञ (स्त्री रोग विशेषज्ञ)

## सर्वाइकल कैंसर के लक्षण क्या हैं?

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट, सर्विक्स में एच पी वी का टेस्ट करता है, इससे पहले कि वो कैंसर में बदल जाए।

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट उन महिलाओं के लिए है जिनमें सर्वाइकल कैंसर के लक्षण नहीं होते हैं।

सर्वाइकल कैंसर के कुछ लक्षण हो सकते हैं:

- सेक्स के बाद योनि से खून आना
- पीरियड्स के बीच में योनि से खून आना
- रजोनिवृत्ति के बाद योनि से रक्तस्राव
- योनि से पानी का स्राव

यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण है तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सर्वाइकल कैंसर है। यदि आपको ये लक्षण दिखते हैं, तो आपको अपने अगले सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट का इंतजार नहीं करना चाहिए। आपको तुरंत अपने डॉक्टर के पास जाना चाहिए।

**डिस्चार्ज** महिला की योनि से निकलने वाला द्रव है।


## नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर

ऑस्ट्रेलिया में एक नया कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर बना है।

नेशनल कैंसर स्क्रीनिंग रजिस्टर महिलाओं को पत्र भेजता है। पत्रों से आपको पता चल जाएगा कि आपको अपना अगला सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कब करवाना है।

**अधिक जानकारी के लिए**, हमारी वेबसाइट www.fpnsw.org.au/know-your-health-cervical-screening पर जाएं या 1300 658 886 पर परिवार नियोजन एनएसडब्ल्यू टॉकलाइन पर कॉल करें या www.fpnsw.org.au/talkline पर जाएं।

अपनी भाषा में किसी से बात करने के लिए, 131 450 पर ट्रांसलेटिंग एंड इंटरप्रेटिंग सर्विस (TIS) पर कॉल करें। उनसे कहें कि आपका संपर्क फैमिली प्लानिंग NSW से करवाएं।



Hindi

# अपने स्वास्थ्य को जानें


family planning nsw
Reproductive & Sexual Health



# सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट

NSW GOVERNMENT
Cancer Institute NSW

# सर्वाइकल कैंसर क्या है?




हमारा शरीर लाखों कोशिकाओं से बना है।

रोज़ नई कोशिकाओं का जन्म होता है।

कभी-कभी जब कोशिकाएं पृथक तरीके से विकसित होती हैं, तो वे कैंसर में बदल सकती हैं।

सर्वाइकल कैंसर का मतलब गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर हो जाना है।

गर्भाशय ग्रीवा यानि सरविक्स शरीर के अंदर और योनि के शीर्ष पर होती है।

# सर्वाइकल कैंसर किन कारणों से होता है?

सर्वाइकल कैंसर ह्मन पेपिलोमा वायरस के कारण होता है। ह्मन पेपिलोमा वायरस को कभी-कभी एचपीवी कहा जाता है।

एच पी वी कई प्रकार के होते हैं। महिला और पुरुष दोनों को एच पी वी हो सकता है। एच पी वी बहुत आम है। जो कोई भी कभी भी यौन संपर्क स्थापित करता है उसे एच पी वी हो सकता है।

एच पी वी अक्सर बिना किसी समस्या के खुद ठीक हो जाता है। कभी-कभी एच पी वी आपके गर्भाशय ग्रीवा में कोशिकाओं को बदल सकता है। और ये बदलाव कैंसर में बदल सकते हैं। ये बदलाव बहुत धीरे-धीरे आते हैं।

इन परिवर्तनों को कैंसर में बदलने में 15 साल तक का समय लग सकता है। कभी-कभी ये परिवर्तन कैंसर में नहीं बदलते हैं। गर्भाशय ग्रीवा में एच पी वी की तलाश करने के लिए आप एक टेस्ट करवा सकते हैं।

यौन संपर्क त्वचा से त्वचा के बीच संपर्क है:

- एक व्यक्ति के जननांग और दूसरे व्यक्ति के जननांग या
- गुप्तांग और शरीर के अन्य अंग जैसे कि मुंह और गुदा

जननांगों को कभी-कभी 'निजी भाग' कहा जाता है। गुप्तांग हैं:

- लिंग
- योनी (वल्वा) और योनि (वेजाइना)

# नया सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया में एक नया टेस्ट आया है। इसे सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कहा जाता है।

सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) में एच पी वी को देखने के लिए है। अब सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट ने पैप टेस्ट की जगह ले ली है ।

अब पैप टेस्ट के बजाय आपका सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट होगा। सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कोशिकाओं के कैंसर में बदलने से पहले सेल में आने वाले बदलाव को खोजने में मदद करता है।

## सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट किसको कराना चाहिए?

25 से 74 वर्ष की आयु की महिलाएं, जिन्होंने कभी भी यौन संपर्क किया हो, यह टेस्ट करवाना चाहिए।

युवा महिलाओं को अपने 25 वें जन्मदिन के आसपास अपना पहला टेस्ट करवाना चाहिए।

## मुझे पहला सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कब करवाना चाहिए?

- आपको हर 5 साल में यह टेस्ट करवाना चाहिए।
- यदि आपने दिसंबर 2017 से पहले पैप टेस्ट करवाया था, तो आपका अगला टेस्टआपके अंतिम पैप टेस्ट के दो साल बाद होगा।
- यदि आपने दिसंबर 2017 के बाद सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कराया है, तो आपको हर 5 साल में एक टेस्ट करवाना होगा।

# सर्वाइकल स्क्रीनिंग टेस्ट कैसे किया जाता है?

एक डॉक्टर या नर्स आपको अपने कपड़े कमर से नीचे उतारने के लिए कहेंगे।

आप लंबी स्कर्ट पहनना चुन सकती हैं। ऐसा इसलिए है कि आप अपने कपड़े उतारने के बजाय स्कर्ट को ऊपर उठा सकती हैं।

आपको परीक्षा के बिस्तर पर लेटना होगा। आपको पैर ऊपर करने और घुटने मोड़ने को कहा जाएगा।

डॉक्टर या नर्स आपके गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) से विशेष उपकरणों का उपयोग करके कुछ कोशिकाओं को ले लेंगे।

कोशिकाओं को एक प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा जाएगा।

आपके परिणाम वापस आने पर डॉक्टर या नर्स आपको कॉल करेंगे।

आपको अपने परिणाम पत्र द्वारा भी प्राप्त हो सकते हैं।

